NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 248 लखनऊ, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

# अयोध्या और काशी ने लक्ष्य पा लिया है, अब ब्रज की बारी है: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के पक्ष में की जनसभा

संवाददाता।

फतेहपुर सीकरी,लखनऊ । यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। गिरिराज महराज की यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज–रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। सौभाग्य है कि इस धरती पर रहकर जीवन यापन कर आप सभी लोग भारत माता की सेवा करने में लगे हैं। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। अब आगरा में भी एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा भी गंगाजल का सेवन कर रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को किरावली में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसदद्ब् प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि घर–घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माटी के लाल आरकेएस भदौरिया वायु सेनाध्यक्ष के बाद भाजपा संग मिलकर आपके लिए कार्य करने को तत्पर हैं। विपक्षियों को पांच साल की छुट्टी दीजिए और बोलिए– जाओ, खूब फातिहा पढ़ो



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा–बसपा के लोग माफिया व अपराधी को गले का हार बनाकर बेटी–व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगा रहे थे। यह लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। चुनाव में इन्हें बोल दीजिए, वोट तो कमल पर जाएगा, तुम लोगों को पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, जाओ–खूब फातिहा पढ़ो। हम अयोध्या में रामलला का दर्शन करा रहे हैं तो माफिया का राम–नाम सत्य भी करा रहे हैं। भाजपा सरकार है तो यह अद्भुत संयोग है। हमारा नारा राष्ट्रवाद है, जातिवाद नहीं। जाति व परिवार की बात करने वाले देश को कमजोर करना चाहते हैं। रामनवमी पर प्रधानमंत्री भले अयोध्या में नहीं थे पर मन अयोध्या में ही था मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रामनवमी के दिन भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ था। एक तरफ कांग्रेस, सपा–बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। यह कहते थे कि राम–कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा–बसपा, ही पैदा हो गई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का प्रताप है कि इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया और प्राण–प्रतिष्ठा भी की। सूर्य तिलक के समय प्रधानमंत्री भले ही अयोध्या में नहीं थे, लेकिन उनका मन अयोध्या में ही था। 500 वर्ष बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर ही जन्मोत्सव मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत ने साबित कर दिया कि जो भी कौम विरासत का सम्मान करेगा, उसे दुनिया में सम्मान मिलेगा। पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोग भारत में गरीबी रेखा से उठे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान तो दूसरी तरफ विकास के कार्य भी हो रहे हैं। 1947 में पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है और पाकिस्तान में 23 करोड़ जनता भूखों मर रही है। पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में गरीबी रेखा से उठाकर खुशहाल व स्वावलंबी जीवन दिया गया। कांग्रेस व सपा वाले गरीबों के हकों पर डकैती डालने के लिए जनधन अकाउंट नहीं खोलते थे। गरीब सर्दी में ठिठुरता था तो बरसात में भूखों सो जाता था, लेकिन मोदी जी के राज में 'सबका साथ–सबका विकास' के आधार पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सुविधा सबको, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। आपके सांसद पूरे देश में किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने विरासत व विकास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व–मार्गदर्शन है तो संगठन के माध्यम से देश में ले जाने का कार्य भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आपके सांसद राजकुमार चाहर कर रहे हैं। आपके लिए गौरव की बात है कि आपके सांसद पूरे देश के किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं। आपका दायित्व बनता है कि राम–कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए।

## चुनाव चिन्ह पर सुप्रिया सुले ने जताई आपत्ति, सोहेल शेख को मिला तुतारी मतदाताओं को कर सकता है भ्रमित

एजेंसी।

नई दिल्ली सुप्रिया सुले ने कहा है कि सुप्रिया सुले की राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी का चुनाव चिह्न तुरही बजाता हुआ आदमी है, जबकि एक स्वतंत्र उम्मीदवार को तुरही का चिह्न दिया गया है, जिससे मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। इस भ्रम से बचने के लिए चुनाव आयोग ने यह भी मांग की है कि मराठी नाम में तुतारी शब्द की जगह कोई दूसरा शब्द डाला जाए। जिस निर्दलीय उम्मीदवार को ट्रंपेट सिंबल मिला है उसका नाम सोहेल शेख है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए चुनाव आवेदन वापस लेने का आज आखिरी दिन था, जिसके बाद अब कौन



किसके खिलाफ उतरेगा इसकी तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन फॉर्म वापस लेने के बाद चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी दे दिया है। इनमें से एक चुनाव चिन्ह पर सुप्रिया सुले ने आपत्ति जताई है। बारामती लोकसभा सीट से उम्मीदवार सोहेल शेख को तुरही यानी तुतारी का चुनाव चिह्न मिला है। इस चिन्ह के नाम पर सुप्रिया सुले ने आपत्ति जताई है। सुप्रिया सुले ने इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र भेजा है। सुप्रिया सुले ने कहा है कि सुप्रिया सुले की राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी का चुनाव चिह्न तुरही बजाता हुआ आदमी है, जबकि एक स्वतंत्र उम्मीदवार को तुरही का चिह्न दिया गया है, जिससे मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। इस भ्रम से बचने के लिए चुनाव आयोग ने यह भी मांग की है कि मराठी नाम में तुतारी शब्द की जगह कोई दूसरा शब्द डाला जाए। जिस निर्दलीय उम्मीदवार को ट्रंपेट सिंबल मिला है उसका नाम सोहेल शेख है। सोहेल शेख बीड के रहने वाले हैं। सोहेल ने बारामती लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है और उन्हें भी तुतारी चुनाव चिह्न मिला है।इस बीच, बारामती लोकसभा चुनाव का फैसला आखिरकार हो गया है। बारामती लोकसभा क्षेत्र में कुल 38 उम्मीदवार मैदान में हैं, मुख्य मुकाबला सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार के बीच होगा. सुप्रिया सुले को ट्रम्पेट मैन दिया गया है जबकि सुनेत्रा पवार को एनसीपी का पुराना घड़ी चुनाव चिन्ह दिया गया है। आवेदन वापस लेने के अंतिम दिन 8 ने नाम वापस ले लिया, जिससे अब 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। बारामती में 7 मई को लोकसभा चुनाव होंगे। बारामती में मुख्य मुकाबला ननंद और भवजय के बीच होने वाला है, इस लड़ाई ने देश का ध्यान खींचा है।

## अयोध्या के महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर परिचालन किया शुरू

अयोध्या के महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 'ऑनलाइन' कैब बुक करने की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी ने परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने हवाईअड्डे के आगमन और निकास बिंदु पर एक 'कैब पिक–अप जोन' स्थापित किया है। ओला मोबिलिटी ने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक टीम भी तैनात की है।नयी दिल्ली । 'ऑनलाइन' कैब बुक करने की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी ने अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसने हवाईअड्डे के आगमन और निकास बिंदु पर एक 'कैब पिक–अप जोन' स्थापित किया है। ओला मोबिलिटी ने प्रतिनिधियों की एक टीम भी तैनात की है जो हवाई अड्डे पर अपने परिचालन का प्रबंधन करने और वास्तविक समय में ओला मोबिलिटी ने प्रश्नों का समाधान करने के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने कहा, ''अयोध्या भारत में सबसे तेजी से बढ़ते सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। ओला अपनी सेवाओं का विस्तार करने और शहर मेंपरिवहन समाधान प्रदान करने के लिए उत्साहित है।'' उन्होंने कहा, ''एक अरब भारतीयों की सेवा करने के हमारे मिशन के अनुरूप, हम अयोध्या जैसे स्थानों में विकास के अवसरों को खोलने की योजना बना रहे हैं, जो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखते हैं और सालाना लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

## तेजस्वी को पप्पू यादव से इतनी दिक्कत! पूर्णिया में साफ तौर पर कहा– इंडिया नहीं तो एनडीए को चुन लो, बात साफ है

एजेंसी।

पटना बिहार पूर्णिया सीट अब तेजस्वी यादव के लिए नाक का सवाल बन गया है। यही कारण है कि वह लगातार लोगों से बीमा भारती के पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आ रहे हैं। बिहार में सियासी पारा चढ़ने के साथ ही पप्पू यादव और तेजस्वी यादव की तनातनी साफ तौर पर दिखाई देने लगी है। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ रहे हैं। वह निर्दलीय उम्मीदवार है। कांग्रेस के खाते में पूर्णिया सीट नहीं गई। राजद ने यहां से बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्णिया सीट अब तेजस्वी यादव के लिए नाक का सवाल बन गया है। यही कारण है कि वह लगातार लोगों से



बीमा भारती के पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आ रहे हैं। इन सबके बीच तेजस्वी ने आज पूर्णिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए साफ तौर पर कह दिया कि अगर आप इंडिया गठबंधन को नहीं चुनना चाहते हैं तो एनडीए को चुन लो। लेकिन इधर–उधर भटकने की जरूरत नहीं है। इसका मतलब साफ है कि तेजस्वी यह कहना चाहते हैं कि आपको पप्पू यादव को वोट देने की जरूरत नहीं है। तेजस्वी ने साफ तौर पर कहा कि किसी के धोखे में आने की जरूरत नहीं है। यह किसी एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए या इंडिया की लड़ाई है, यहां तीसरा कोई नहीं है। अगर आप इंडिया को नहीं चुनते तो इंडिया को चुनाव बात साफ है। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री रहते हुए 17 महीने में क्या कुछ किया है, उसकी भी जानकारी देने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 17 महीने की सरकार में मैंने 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि टोला सेवक, तालिमी मरकज का वेतन दोगुना किया गया है। आपको बता दें कि पूर्णिया सीट से एनडीए की ओर से जदयू के संतोष कुशवाहा उम्मीदवार हैं। वह भी लगातार तीसरी बार यहां से जीत की कोशिश में हैं। पप्पू यादव जब से निर्दलीय चुनावी मैदान में है तब से उनको लेकर चर्चा जबरदस्त तरीके से जारी है।

## सघन जाच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,824 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 146 कारतूस व 22 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 73 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 05 केन्द्रों को सीज किया गया।

## कांग्रेस से भाजपा में आने का फैसला भावनात्मक रहा है लेकिन मैं बदला नहीं –विजेन्द्र सिंह

एजेंसी।

नयी दिल्ली । कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में आये मुक्केबाद विजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें यह स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं है कि पार्टी बदलने के फैसले के लिए उन्होंने भावनात्मक कीमत चुकाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसा करने की अपनी वजह हैं। मैंने केवल मंच बदला है, खुद को नहीं बदला। मैं वैसा ही हूं। नयी दिल्ली । मुक्केबाजी से राजनीति में आए विजेंद्र सिंह का कहना है कि उन्हें यह स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं है कि उन्होंने कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आने के फैसले के लिए भावनात्मक कीमत चुकाई है, हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसा करने की अपनी वजह हैं। सिंह ने कहा, ''मैंने केवल मंच बदला है, खुद को नहीं बदला। मैं वैसा ही हूं।'' उन्होंने अपने आवास पर 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में राजनीतिक दल बदलने के सवाल पर कहा, ''निश्चित रूप से भावनात्मक फैसला रहा।''विजेंद्र ने कहा कि भाजपा में जाने के फैसले से उन्हें कुछ अच्छे दोस्त खोने पड़े, लेकिन उन्होंने अपने मूल चरित्र के साथ सच्चाई से बने रहकर फिर से ऐसी दोस्ती पाने की उम्मीद जताई। मुक्केबाजी में ओलंपिक पदक (कांस्य, 2008) जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष खिलाड़ी सिंह ने अपने राजनीतिक परिवर्तन के फैसले की व्याख्या बॉक्सिंग की शब्दावली से की। सिंह (38) ने

आप बॉक्सिंग में किसी उच्च श्रेणी में जाते हैं। आप ऐसा तब करते हैं जब आपका शरीर मौजूदा श्रेणी में सामंजस्य बैठाने में कठिनाई महसूस करता है। इसलिए, राजनीति में जब मुझे सामंजस्य में मुश्किल हुई तो मैं एक अलग मंच पर चला गया।'' उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए अच्छा मंच मिलता है तो उसे उस ओर जाना चाहिए। सिंह ने कहा, ''मेरा मूल चरित्र वैसा ही है। गलत और सही के बारे में मेरे विचार वैसे ही हैं। मैं अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाना बंद नहीं करुंगा।'' उन्होंने कहा कि वह युवाओं और देश की बेहतरी के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। सिंह ने कहा कि उनके फैसले ने उनके कुछ दोस्तों को निराश किया है लेकिन उन दोस्तों को जब भी उनकी जरूरत पड़ी तो वे अपने साथ खड़ा पाएंगे। क्या कांग्रेस ने सिंह के इस फैसले को लेकर उन्हें मनाने का प्रयास किया था, इस सवाल पर उन्होंने कहा, ''हां, जाहिर तौर पर कांग्रेस ने संपर्क साधा, लेकिन मैं उस बारे में बाद में बात करुंगा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के कारण वह भाजपा में आए हैं। अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित सिंह ने कहा, ''भारत के लिए हमारे प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण बहुत अच्छा है। जब उन्हें लगता है कि उनसे कुछ गलती हुई है तो वह सबसे पहले माफी मांगते हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत




बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा, ''मुझे आशा है कि यह सब सच हो और युवाओं को खासतौर पर उनकी योजनाओं से लाभ मिले।'' क्या भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें कोई विशेष जिम्मेदारी सौंपी है, इस पर सिंह ने कहा, ''अभी तक नहीं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मैं हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश और दिल्ली में प्रचार करुंगा।'' सिंह ने उम्मीद जताई कि इन राज्यों में उनके प्रचार से पार्टी को जाटों का समर्थन बड़ी संख्या में मिल सकता है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से देश के खेल परिदृश्य में किसी तरह का बदलाव दिखने के सवाल पर सिंह ने कहा कि किसी खिलाड़ी की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात है। उन्होंने कहा, ''खेल का बजट बढ़ा है।

## 01 मार्च से 21 अप्रैल तक कुल 31648.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 अप्रैल, 2024 तक कुल 31648.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2958.56 लाख रुपये नकद धनराशि, 4222.65 लाख रुपये कीमत की शराब, 21149.75 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ (आरएनएस) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 22 अप्रैल को एन. सी. सी.इकाई ( 20 यू. पी. गर्ल्स बटालियन व 67 यू.पी.बटालियन एन सी सी) और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान एवं कुलपति प्रो. संजय सिंह, कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमांडिंग अधिकारी 20 यू. पी. गर्ल्स बटालियन, कर्नल पुनीत श्रीवास्तव कमांडिंग अधिकारी 67 यू. पी. बटालियन, एन सी सी के दिशा निर्देशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ष्ग्रह बनाम प्लास्टिकष विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य तौर पर आई.क्यू. ए. सी. डायरेक्टर प्रो० राम चन्द्रा एवं विधि अध्ययन विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो० प्रीति मिश्रा मौजूद रहीं । इसके अतिरिक्त प्रो० शशि कुमार, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, कैप्ट. डॉ० राज श्री , प्रो० राम चन्द्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से हम सभी के जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है द्य इसीलिए इस साल की थीम का मकसद लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्रेरित करना और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रो० प्रीति मिश्रा ने चर्चा के दौरान कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से हमारा जीवन बहुत प्रभावित हुआ है।इसके अलावा हमेशा कचरे को अलग– अलग करके ही रखना चाहिए। साथ ही पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन भी करना चाहिए।प्रो० शशि कुमार ने बताया की हमे अपने दिनचर्या में कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करे उसके स्थान पर कपड़े से बने बैग का उपयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त डॉ० बबिता पाण्डेय ने प्लास्टिक से होने वाली हानियों व इसके कुप्रभावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी संबंधित विषय पर अपने विचार रखें। संगोष्ठी के अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य आयोजक ले. डॉ० मनोज कुमार डडवाल द्वारा किया गया।

# भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने आधा दर्जन गावों में ताबड़तोड़ किया जनसंपर्क अभियान

## तिलहर विधानसभा से भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा समेत तमाम भाजपा नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद

शाहजहांपुर।(आकाश सक्सेना) शाहजहांपुर में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण के 13 मई वोट डाले जाएंगे। ऐसे में भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर ने तिलहर विधानसभा विधायक सलोना कुशवाहा के साथ सिंधौली ब्लाक के आधा दर्जन गावों में जनसंपर्क अभियान किया। उन्होंने गावों में जाकर ग्रामीणों से आने वाले लोकसभा चुनाव में हर एक बूथ पर कमल खिलाने की अपील की है। इस दौरान भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने भी सभी से मेहनत और लगन के साथ चुनाव में लगने के लिए कहा है। भारतीय जनता पार्टी ने शाहजहांपुर में लोकसभा सीट के लिए भाजपा सांसद अरुण सागर को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जैसे जैसे मतदान का समय करीब आ रहा है। लोकसभा प्रत्याशी ने गांवो में जाकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को सांसद अरुण सागर सिंधौली ब्लाक के ग्राम,जमुनिया, ग्राम मूर्छा ,ग्राम कटिया, ग्राम मूढ़ा फतेहपुर, ग्राम खिरिया रसूलपुर, ग्राम नगरा, ग्राम पनवाड़ी, ग्राम बिलंदपुर आदि गावों में जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि, लोकसभा चुनाव में कुछ समय बचा है।

चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी मेहनत के साथ सबको लगना है। ताकि हर बूथ पर कमल खिलाया जा सके। कमल खिलने से देश की बागडोर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथो में जाएगी। जिससे देश में खुशहाली आना तय है। गरीब किसान हो या व्यापारी सभी का मोदी सरकार ने खास ख्याल रखना है। गरीब जनता के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई। इतना ही नही, उन योजनाओं को जमीनी स्तर तक लाकर गरीबों को उसका लाभ दिलाया गया। जनता भी जानती है कि, इससे पहले की सरकारों में कितना घोटाला किया गया। हर योजना घोटाले की भेंट चढ़ जाती थी। गरीबों तक योजनाओ का लाभ नही पहुंच पाता था। प्रधान मंत्री आवास से लेकर शौचालय, जनधन योजना, कन्या सुमंगला योजना, गरीब बच्चों की इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दिलाने के लिए आरटीई जैसी योजनाओं को लाकर गरीबों को खुशहाल बनाया है। यही कारण है कि, देश की जनता सिर से देश में मोदी सरकार चाहती है।

सांसद अरुण सागर ने कहा कि, शाहजहांपुर जिले में शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों में भरपूर बिजली दी जा रही है। शुद्ध पेयजल दिया जा रहा है। रोड का जाल बिछा दिया गया। अगर योजनाओं का लाभ लोगों तक नही पहुंच पाया है तो फिर मोदी सरकार बनने के बाद उनको भी लाभ दिलाया जाएगा। सांसद अरुण सागर ने ग्रामीणों से अपील की है कि, पिछली बार से ज्यादा इस बार शाहजहांपुर की जनता को मेहनत करना है। ताकि पिछली बार से इस बार बड़ी जीत मिल सके। उन्होंने नारा दिया कि, अबकि बार 400 पार, दूसरी बार 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार। जनसंपर्क अभियान के दौरान ब्लाक प्रमुख मुनेश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, जीवेश गुप्ता, सुधाकर त्रिपाठी, मनीष गुप्ता, ग्राम प्रधान मनोज सिंह, आशीष अवस्थी, रज्जन मिश्रा, ग्राम प्रधान रंजीत कुमार, प्रदीप सिंह, नारायण लाल, पप्पू प्रधान, राम खिलावन मौर्य, तेजपाल सिंह और रितेश प्रधान समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अपरिमेय श्याम प्रभु जी के संग कृष्णा नगर में गूंजे गीता के श्लोक एवं हरे कृष्ण महामंत्र

संजीव कुमार शुक्ला लखनऊ रूश्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा कृष्णा नगर में दो दिवसीय ष्श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञष के द्वितीय एवं अंतिम दिवस 21.04.2024 को सायं 06:00 बजे, आरवएवएसव एकेडमी, कृष्णा नगर, लखनऊ मे इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने प्रवचन मे बताया कि हिन्दू धर्म में 33 करोड़ देवी देवताओं में से परम पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ही मूल हैं, प्रभुजी ने हमें बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर यह ज्ञान होता है कि



अच्छे लोगों के साथ बुरा तथा बुरे लोगों के साथ अच्छा कभी नहीं हो सकता है, यह तभी तक रहता है जब तक व्यक्ति के पुण्य उसके साथ रहते हैं।

अंत मे प्रभुजी ने बताया कि यदि हम आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो सभी धर्म ग्रंथों में समान शिक्षा दी गयी है, श्रीमद भगवत गीता के अनुसार परम पुरषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर हैं। अलग–अलग धर्मों में उन्हें अलग अलग नामों से जाना जाता है। जिस तरह से सूर्य एक ही होता है, लेकिन अलग–अलग जगह पर अलग अलग भाषा मे उसको अलग अलग नाम दिया गया है, ठीक उसी तरह ईश्वर भी एक ही है उन्हें अलग–अलग नामों से पुकारा जाता है।भगवत गीता ज्ञान यज्ञ में कृष्णा नगर, लखनऊ एवं आस–पास के गणमान्य भक्त उपस्थित रहे, सभी भक्तों ने इस्कॉन के सुप्रसिद्ध कीर्तन ष्हरे कृष्णा हरे रामाष, नृत्य तथा विशेष भोजन प्रसाद एवं आइसक्रीम प्रसाद का भी आनंद उठाया।

## मेरी सफलता में सी.एम.एस. का बहुत बड़ा योगदान है रु आदित्य श्रीवास्तव ,ऑल इण्डिया आई.ए.एस. टॉपर

लखनऊ, 22 अप्रैल। 'मेरी सफलता में सी.एम.एस. का बहुत बड़ा योगदान है, आज मैं जो कुछ भी हूँ उसमें मेरे माता–पिता के आशीर्वाद व सी.एम.एस. के मेरे शिक्षकों की अहम भूमिका है', यह कहना है कि आई.ए.एस. टॉपर व सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्र आदित्य श्रीवास्तव का, जो आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में अपनी अभूतपूर्व सफलता पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आगे बोलते हुए आदित्य ने कहा



कि स्कूल के शुरूआती दिनों में ही सी.एम.एस. ने मेरे भावी जीवन की नींव रख दी थी। सी.एम.एस. शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, उच्च विचार एवं व्यक्तित्व विकास के प्रयास वास्तव में अतुलनीय हैं। स्वं. डा. जगदीश गाँधी जी के प्रेरक विचारों ने मुझमें आत्मविश्वास जगाने के साथ ही ईश्वरत्व की अनुभूति भी कराई। इससे पहले, आज लखनऊ पधारने पर सी.एम.एस. के छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य श्रीवास्तव का अमौसी एअरपोर्ट पर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें फूल–मालाओं से लाद दिया और उनकी अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाईया दी।

विदित हो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) में ऑल इण्डिया प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। आदित्य की सम्पूर्ण प्राथमिक शिक्षा सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस से हुई है एवं इसी कैम्पस से आई.एस.सी. की परीक्षा 97 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण करने के उपरान्त आईआईटी कानपुर से बीटेक किया। आदित्य के माता–पिता श्रीमती आभा श्रीवास्तव व श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने एक स्वर से कहा कि आदित्य की इस सफलता के लिए मैं सी.एम.एस. का आभारी हूँ। सी.एम.एस. संस्थापक स्वं. डा. जगदीश गाँधी जी के प्रेरणादायी विचारों, प्रधानाचार्या व शिक्षकों के आत्मीय मार्गदर्शन ने ही आदित्य को आज इस मुकाम पर पहुंचाया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि आई.ए.एस. की प्रतिष्ठित परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्रों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरा सी.एम.एस. परिवार गौरवान्वित है। आदित्य की सफलता व संकल्पशक्ति सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## संत ही समाज व देश का सही मार्गदर्शन कर सकते हैं: श्रीमहंत नारायण गिरि

गाजियाबादःगोविंदपुरम में बाबा मार्केट स्थित शिव मंदिर में सोमवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। दूधिया पीपल महादेव मंदिर डासना में भी सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। दोनों भंडारों में मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा.अर्चना कर रहे हैं। रविवार को मंदिर के संरक्षक श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वरए श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ताए दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष व श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। दूधिया पीपल महादेव मंदिर डासना में मंदिर के महंत अतुल गिरि महाराज ने श्रीमहंत नारायण गिरि का स्वागत किया। गोविंदपुरम में बाबा मार्केट स्थित शिव मंदिर में मंदिर के महंत कमल गिरि महाराज ने उनका स्वागत किया।



श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि समाज व देश का सही मार्गदर्शन का कार्य सिर्फ संत ही कर सकते हैं। संत ही मनुष्य को पतन से बचाकर उसके मन को निर्मल बनाकर उसमें भक्ति का बीज अंकुरित कर उसका परमात्मा से मिलन करा सकता है। संतों का पूरा जीवन समाज व देश के लिए ही समर्पित रहता है। यही कारण है कि जब भी समाज व देश पर संकट आया है, संत ही आगे आए हैं और संकटों से मुक्ति दिलाई है। महाराजश्री के साथ महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज, थानापति धर्मेंद्रपुरी महाराज, महंत किशन गिरि महाराज दादरी, थानापति आनंदंश्वरानंद गिरि महाराज मोतीबाग दिल्ली, महंत गिरिशानंद गिरि प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट, महंत विजय गिरि पटेल नगर, दीपांकर पांडे, महंत कमल गिरि दिल्ली आदि भी मौजूद रहे।

## जनपद में 9572760 पौधारोपण के मिशन को सफल बनाएं जानने के लिए बच्चों से की अपील

झांसी! आज 22 अप्रैल 2024 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रकृति के उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पुनीत अवसर है। प्राकृतिक संसाधनों को समृद्धि करने एवं भावी पीढ़ी को संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराने हेतु बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अपरिहार्य है ये विचार प्रभागीय वनाधिकारी श्री जी0बी0 शेंडे ने ब्लू वेल्स पब्लिक स्कूल झांसी में आम्रपाली आम के पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज हम सभी यह संकल्प लें कि ष्पृथ्वी हम सबकी जान आओ करें इसका सम्मानष। यदि हमें एक अच्छा और निरोगी जीवन चाहिए तो हमें वृक्षारोपण के साथ–साथ अपने बच्चों की तरह ही इन पेड़–पौधों की देखभाल एवं पालन पोषण करना होगा प्रभागीय वनाधिकारी जे0बी0 शेंडे ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती के आभूषण हैं, इनका रोपण धरती के प्रति हमारा समर्पण है। उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई जलवायु परिवर्तन में पौधों का रोपण अत्यन्त महत्वपूर्ण है इसकी महत्ता को बच्चों एवं जनमानस में प्रसार हेतु पंचतंत्र कहानियों का प्रयोग वन परिसरों में किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के सहयोग से जनपद एवं विद्यालय प्रांगण में पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित पंचतंत्र वाटिका स्थापित की जाए उन्होंने



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं सहित जनसामान्य से आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक कम से कम केवल 05 पौधों का रोपण तो करें ही साथ ही उन पौधों की समुचित देखभाल भी करें, ताकि प्रदेश के वन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हो सके। इस कार्य में उन्होंने बच्चों, युवाओं और जनपदवासियों से आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की और कहा कि इस कार्य में प्रत्येक विद्यालय परिसर में अवश्य पौधारोपण करें और इसकी सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम करे

## विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चो ने वातावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए हवन

झांसी । विकास खंड बबीना की ग्राम पंचायत सिमिरिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वातावरण को शुद्ध बनाये रखने हेतु बच्चों द्वारा हवन किया गया द्य हवन के माध्यम से उन्होंने



सन्देश दिया कि वातावरण को शुद्ध रखकर भविष्य में जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है द्य इस दौरान पृथ्वी दिवस की इस वर्ष की थीम "गृह बनाम प्लास्टिक" को प्रमुखता देते हुये बच्चो ने अपने विवेकानुसार चित्रकारी की एवं पृथ्वी को मृदा प्रदूषण एव जल प्रदूषण से बचाने का संदेश अपनी चित्रकारी मे दिया द्य गौरतलब है कि परमार्थ समाज सेवी संस्थान के सहयोग से पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु जिन बच्चों ने अच्छी चित्रकारी की उन बच्चो के प्रोत्साहन हेतु उनकी चित्रकारी के सापेक्ष पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित सबल परियोजना के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के साथ विद्यालय मे वातावरण को शुद्ध करने हेतु हवन का आयोजन किया द्य इस कार्यक्रम मे पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिमिरिया के शिक्षकगण स्कूल के 40 छात्र एवं छात्राएं एवं परमार्थ समाज सेवी संस्थान के कार्यकर्ता पंकज कुमार, दिलीप कुमार, तरुण राजपूत व करन राजपूत उपस्थित रहे।

## अग्नि से सुरक्षा के साथ, दिलाई गई शत प्रतिशत मतदान की शपथ -

झांसी! अग्निशमन व मतदाता जागरूकता की रेल चलते चलते चिरगांव झांसी स्थित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में जा पहुंची जहां अग्निशमन व मतदाता जागरूकता विषयक सेमिनार का आयोजन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रामकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य , कॉलेज प्राचार्य डॉ सुनील भटनागर की अध्यक्षता व वरिष्ठ अग्नि सचेतक सुश्री प्रगति शर्मा के संयोजन एल एफ एम जगत सिंह व दिव्यांग स्वीप आइकॉन एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अशोक मुस्तारिया के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ सेमिनार में अग्निशमन विभाग द्वारा आग के प्रकार, आग बुझाने के विभिन्न तरीके , सिलेंडर की आग को किस तरह बुझाएं को प्रयोगात्मक तरीके से बताया, किसी व्यक्ति के जल जाने पर किस प्रकार उसका उपचार कर, यह भी विस्तार से समझाया, तत्पश्चात लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 स्वीप अभियान के अंतर्गत सभी को विशिष्ट अतिथि दिव्यांग स्वीप आइकॉन एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अशोक मुस्तारिया द्वारा मतदान का महत्व बताया गया एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रामकेश शुक्ल द्वारा सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई



## एसपी ने फीता काटकर पयागीपुर पर नए ट्रैफिक बूथ का किया शुभारंभ

सुल्तानपुर(आरएनएस)। सोमवार को नगर के पयागीपुर में ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी सोमेन वर्मा ने शुभारंभ किया। जहां अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर सीओ ट्रैफिक व अन्य पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।आज ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराते हुए आमजन को प्रेरित किया जाए। वही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा और उनकी टीम को मैं बधाई देता हूं। आपको मालूम है पयागीपुर चौराहा सुल्तानपुर का प्रवेश द्वार है। ये व्यस्ततम चौराहों में से एक है। इस चौकी की स्थापना से यहां पे यातायात प्रबंधन में बहुत सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा यातायात प्रबंधन आजकल छोटे नगरों की बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि हम लोग यातायात



निदेशालय द्वारा जो भी स्वीकृत धनराशि है उससे कैमरे लगाए हैं। चुनाव के बाद एक यातायात प्रबंधन योजना सुल्तानपुर नगर का तैयार करेंगे। जिससे यहां की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा जिन संभ्रांत लोगों ने बूथ की स्थापना में सहयोग दिया, जैसे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह को धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने हम लोगों को सहयोग प्रदान किया। चौकी की स्थापना से हमारा एक केंद्र विकसित हुआ है अब हमारा यातायात कर्मी के लिए एक स्थान मिला है। रोडवेज, पयागीपुर और जो हमारे बूथ हैं उनको अपग्रेड किया जा रहा है। विशेष रूप से उसमें हवा पानी की सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

## पीडीए प्रत्याशी को तन–मन– धन से सहयोग करेगा मोस्ट

सुलतानपुर।(आरएनएस) मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के प्रधान कार्यालय निषाद भवन, विनोवापुरी, सुलतानपुर में 38–लोकसभा के पी.डी.ए. प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के साथ मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों की परिचयात्मक मीटिंग हुई। मोस्ट संरक्षक से.नि. एडीओ भारत राम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद को इस आशा व विश्वास के साथ भेंट की कि बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाएंगे। मीटिंग में लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने कहा कि संस्था के द्वारा जो सुझाव आये हैं उसे गंभीरता से लूंगा, कोई भी काम मैं जिम्मेदारी से करता हूँ, कदम से कदम मिलाकर हम आपके साथ चलेंगे।

## एसपी ने फीता काटकर पयागीपुर पर नए ट्रैफिक बूथ का किया शुभारंभ

सुल्तानपुर(आरएनएस)। सोमवार को नगर के पयागीपुर में ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी सोमेन वर्मा ने शुभारंभ किया। जहां अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर सीओ ट्रैफिक व अन्य पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आज ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराते हुए आमजन को प्रेरित किया जाए। वही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा और उनकी टीम को मैं बधाई देता हूं। आपको मालूम है पयागीपुर चौराहा सुल्तानपुर का प्रवेश द्वार है। ये व्यस्ततम चौराहों में से एक है। इस चौकी की स्थापना से यहां पे यातायात प्रबंधन में बहुत सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा यातायात प्रबंधन आजकल छोटे नगरों की बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि हम लोग यातायात निदेशालय द्वारा जो भी स्वीकृत धनराशि है उससे कैमरे लगाए हैं। चुनाव के बाद एक यातायात प्रबंधन योजना सुल्तानपुर नगर का तैयार करेंगे। जिससे यहां की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा जिन संभ्रांत लोगों ने बूथ की स्थापना में सहयोग दिया, जैसे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह को धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने हम लोगों को सहयोग प्रदान किया। चौकी की स्थापना से हमारा एक केंद्र विकसित हुआ है अब हमारा यातायात कर्मी के लिए एक स्थान मिला है। रोडवेज, पयागीपुर और जो हमारे बूथ हैं उनको अपग्रेड किया जा रहा है। विशेष रूप से उसमें हवा पानी की सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

# संपादकीय

## न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने श्न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिएच् देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील श्अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैंच्।

जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है।

इसी तरह की भाषा–शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की श्प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकताच् में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए श्अनुचित दबाव और प्रभावच् डालते हैं।

पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में श्पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगाच् आदि।
इसी समूह में प्रशांत भूषण और अभिषेक मनु सिंघवी के भी नाम हैं। और भी नाम हो सकते हैं। ये लोग पहले इजलास के अंदर और इसके बाहर इंटरव्यू एवं लेखों के जरिए उन फैसले को सरकार के दबाव में दिया बता कर उनकी अतार्किक आलोचनाएं करते हैं, जो उनके विरोध में आए होते हैं।
इससे न्यायपालिका पर खामख्वाह दबाव बनता है। एक बार जस्टिस चेलमेर ने भी श्इन करोड़ी समूह के अधिवक्ताओं से दिक्कतच् बताई थी।
न्यायिक क्षेत्र–निचली से लेकर सर्वोच्च अदालत तक–में हाल के दशकों में यह एक फेनोमिना के रूप में विकसित हुआ है। इसमें मनचाही खंडपीठ के लिए तो पीठ बदलने के लिए जोर–जबर्दस्ती की जाती है। इस समस्या का समूचा हिस्सा न्यायालीय ही नहीं है।
राजनीतिक विचारधारा और सबसे अधिक उसकी सत्ता भी है। दबावकारी प्रवृत्ति बढ़ी है तो इसकी वजह कुछेक न्यायाधीशों में सत्ता के नजदीक जाने की कमजोरी भी है। यह दबाव से काम करा ले जाने का साहस पैदा करता है।

## आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है।

कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी।

विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधा प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है।
व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकर्ताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है। यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है? यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है।
कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लड़की को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द–गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा।यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए।

# मतदाता की बेरूखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत




मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। 18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है। मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए। हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान मेंअधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

# नक्सलवाद आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है।

# आगे नजर आ रहे हैं मगर चन्द्र – भी पूरा दम लगाकर मैदान में डटे हुए हैं





चुनावी यात्रा जब कर्नाटक के मांड्या पहुँची तो हमने पाया कि यहां से भाजपा और जनता दल सेक्युलर के संयुक्त उम्मीदवार एचडी कुमारस्वामी भारी बढ़त लिये हुए हैं। कृषि प्रधान वोक्कालिगाओं के गढ़ मांड्या में सत्तारुढ़ कांग्रेस ने श्स्टार चंद्रूश के नाम से मशहूर ठेकेदार वेंकटरमणे गौड़ा को मैदान में उतारा है। कर्नाटक में मांड्या लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का काफी प्रभाव माना जाता है लेकिन पिछले लोकसभा चुनावों में उनका पोता इस सीट से हार गया था जिसके बाद जनता दल सेक्युलर ने इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने का काम तेजी से किया। हालांकि पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में भी जनता दल सेक्युलर को निराशा हाथ लगी लेकिन मांड्या के तहत आने वाली विधानसभा सीट चेन्नापटना से कुमारस्वामी अपना चुनाव जीतने में सफल रहे। इस बार जनता दल सेक्युलर और भाजपा मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। शुरुआत में खबर आई थी कि भाजपा और जनता दल सेक्युलर के कार्यकर्ता जमीन पर साथ काम नहीं कर रहे हैं इसलिए खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मांड्या आये और दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ बिठाकर आपसी नाराजगी दूर करवाई और साथ काम करने के लिए मनाया। तबसे हर जगह आपको दोनों दलों के कार्यकर्ता साथ ही चुनावी अभियान चलाते हुए दिख जाएंगे। प्रभासाक्षी की चुनावी यात्रा जब कर्नाटक के मांड्या पहुँची तो हमने पाया कि यहां से भाजपा और जनता दल सेक्युलर के संयुक्त उम्मीदवार एचडी कुमारस्वामी भारी बढ़त लिये हुए हैं। कृषि प्रधान वोक्कालिगाओं के गढ़ मांड्या में सत्तारुढ़ कांग्रेस ने श्स्टार चंद्रू के नाम से मशहूर ठेकेदार वेंकटरमणे गौड़ा को मैदान में उतारा है। वह गौरीबिदानूर के निर्दलीय विधायक केएच पुट्टस्वामी गौड़ा के भाई हैं। कांग्रेस को लगता है कि विधानसभा चुनावों में उसने इस क्षेत्र में जो प्रदर्शन किया था उसे वह लोकसभा चुनावों में भी दोहरा सकती है। हम आपको बता दें कि पिछले साल हुए कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने मांड्या लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से छह पर जीत हासिल की थी। हम आपको बता दें कि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा द्वारा समर्थित फिल्म अभिनेत्री सुमालता यहां से विजयी हुई थीं। दिवंगत फिल्म अभिनेता अंबरीश की पत्नी सुमालता ने कुमारस्वामी के बेटे निखिल को हरा कर बड़ा राजनीतिक कारनामा कर दिया था। अब सुमालता भाजपा में शामिल हो गयी हैं और उन्होंने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। हमने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान पाया कि कुछ बातें फिलहाल कुमारस्वामी के पक्ष में हैं। जैसे कि लोग उन्हें चंद्रू से बेहतर जानते हैं। कुमारस्वामी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं इसलिए उनकी अपनी एक अलग पहचान है। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रू चुनाव से कुछ महीने पहले ही क्षेत्र में सक्रिय हुए हैं। इसके अलावा हमने पाया कि 2019 में उनके बेटे निखिल की हार के कारण कुछ मतदाता कुमारस्वामी के प्रति सहानुभूति रखते हैं। एक गांव के व्यक्ति ने कहा कि हमें खेद है कि उनका बेटा हार गया था लेकिन इस बार हम कोई गलती नहीं करेंगे। स्थानीय गांवों के लोगों ने कहा कि हमने जो गलती कर दी थी उसे इस बार सुधार देंगे क्योंकि हमें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो कावेरी मुद्दे पर संसद में हमारी आवाज को उठायेगा। दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रू अपने प्रचार के दौरान कुमारस्वामी को बाहरी बताते हुए उन्हें घेर रहे हैं। उनका कहना है कि कुमारस्वामी का जन्म हासन में हुआ और वह रामानगर में राजनीति करते हैं इसलिए मांड्या में उनका कुछ भी नहीं है। खुद को मांड्या का बेटा बताते हुए चंद्रू लोगों से खुद को एक मौका देने की अपील कर रहे हैं। हमने पाया कि मांड्या में चंद्रू का साथ देने के लिए पूरी कांग्रेस उतरी हुई है। राज्य सरकार की पांच गारंटियों का हवाला देते हुए लोगों से मतदान की अपील की जा रही है। हालांकि जब हमने गांव में लोगों से कांग्रेस की गारंटियों के बारे में पूछ तो उन्होंने निराशा व्यक्त की। एक व्यक्ति ने कहा कि सरकार की गृह लक्ष्मी योजना से काफी निराशा हुई क्योंकि यह प्रत्येक परिवार की एक महिला को प्रति माह 2000 रुपए की सहायता देती है। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार में, तीन महिलाएँ हैं। लेकिन केवल सबसे बड़ी बहू को ही पैसा मिल रहा है और बाकी दोनों निराश हैं। बिजली बिल माफ करने के वादे पर लोगों ने कहा कि बिजली अब कम आने लगी है। कुछ व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल बिजली की दरें बार–बार बढ़ाई जा रही हैं और हमसे पैसा लेकर दूसरों को सब्सिडी दी जा रही है जोकि गलत है। महिलाओं को गैर लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा के वादे पर लोगों ने कहा कि सिर्फ खटारा बसों में मुफ्त यात्रा कराई जा रही है जिसका कोई औचित्य नहीं है। दुग्ध उत्पादकों ने भी सहायता का वादा पूरा नहीं करने पर कांग्रेस से नाराजगी जताई। जहां तक मांड्या के सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों की बात है तो आपको बता दें कि एक अनुमान के मुताबिक, मांड्या में 7.89 लाख वोक्कालिगा हैं। अगर कुमारस्वामी इस समुदाय को एकजुट करने में सफल हो जाते हैं तो यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका होगा। इसके अलावा परंपरागत रूप से भाजपा के समर्थन आधार के रूप में पहचाने जाने वाले लिंगायतों के पास लगभग 1.61 लाख वोट हैं। यह दोनों वोट अगर जुट गये तो कुमारस्वामी की जीत निश्चित है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में लगाई गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। बिजनेसमैन को आज धन लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि–आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। आज आपकी मुलाकात अपने पुराने दोस्तों से हो सकती है। व्यापारी वर्ग के लोगों को आज कोई विशेष सफलता हासिल होगी।

मिथुन राशि–आज आपके मन में नए–नए विचार आयेंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाजी में ना पड़े। अगर शादीशुदा हैं तो अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी तरह की गलतफहमी ना पालें। आज आप किसी नए कार्य की योजना बनाएंगे। आज आपके आय के स्रोतों में वृद्धि होने के योग हैं।

कर्क राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता–पिता का सहयोग मिलेगा जिससे आप जीवन में आगे बढने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का रुका कार्य पूरा हो जाने से राहत महसूस करेंगे।

सिंह राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

कन्या राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनायेंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी जरूर बरतें।

तुला राशि–आज आपका दिन बढिया रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले से दी गई प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको शुभ काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी।

धनु राशि–आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी।

मकर राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी टॉपिक को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अविवाहितों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव मिलेंगे।

कुंभ राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर कुछ लोग मददगार साबित होंगे।

मीन राशि–आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, उसमें आपको सफलता हासिल होगी। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। अपने व्यापार को बढने के लिए नये प्लान बनाने की जरूरत है। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे।

## ईरानी हमले में इजराइल को बहुत कम नुकसान पहुंचने की बात कमएनई ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकारी

ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई द्वारा इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमले से हुए नुकसान से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर देना इस बात को स्वीकारने का संकेत है कि तेहरान के बड़े हमले के बावजूद कुछ ही मिसाइल अपने लक्ष्य तक पहुंच पाईं। ईरान ने इजरायल के हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यरूशलम । ईरान के सर्वोच्च नेता का इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमले से हुए नुकसान से जुड़े सवालों का जवाब देने से रविवार को इनकार कर देना इस बात को स्वीकारने का संकेत है कि तेहरान के बड़े हमले के बावजूद कुछ ही मिसाइल अपने लक्ष्य तक पहुंच पाईं। ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्फहान शहर पर शुक्रवार को इजराइल की जवाबी कार्रवाई को लेकर भी कोई टिप्पणी नहीं की जबकि इजराइल की कार्रवाई के मद्देनजर ईरानी सैनिकों ने वायु रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल किया था और देश भर में वाणिज्यिक उड़ानों को रोक दिया गया था। खामनेई (85) ने ईरान की सेना, पुलिस और अर्द्धसैनिक रेव्यूलेशनरी गार्ड के शीर्ष स्तर के अधिकारियों की बैठक में कहा, ''दूसरे दल इस बात को लेकर बहस कर रहे हैं कि कितनी मिसाइल दागी गयीं, कितनी मिसाइल निशाने पर लगीं और कितनी अपने लक्ष्य से चूक गयीं। यह हमारे लिए दूसरी प्राथमिकता है। खामनेई का बयान ईरान सरकार के स्वामित्व वाले टेलिविजन चौनल पर प्रसारित किय गया। उन्होंने कहा, मुख्य मुद्दा ईरानी राष्ट्र का उदय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर ईरानी सेना की इच्छाशक्ति है। बस यही मायने रखता है। ईरान ने इजराइल के हवाई रक्षा तंत्र को भेदने के मकसद से 13 अप्रैल को सैकड़ों की संख्या में ड्रोन, बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागी थीं। इजराइल पर ईरान के इस हमले को 1991 के बाद दूसरा सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। उस समय इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन ने खाड़ी युद्ध के दौरान इजराइल पर स्कड मिसाइल दागी थीं। इजराइल ने अमेरिका, ब्रिटेन और पड़ोसी जॉर्डन द्वारा समर्थित हवाई सुरक्षा तंत्र और लड़ाकू विमानों की मदद से अधिकतर मिसाइल को मार गिराया था।




## ईरान का हमला या हमास से युद्ध, जानें क्यों अचानक इजरायल के मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ ने दिया इस्तीफा



मेजर जनरल अहरोन हलीवा इजराइल के इतिहास के सबसे घातक हमले में अपनी भूमिका को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ व्यक्ति हैं। हमास के हमले में 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे, जबकि गाजा में लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले ने गाजा में संगठन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया, जो अब अपने सातवें महीने में है।इजरायली सेना ने सोमवार को कहा कि उसकी खुफिया इकाई के प्रमुख ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के अभूतपूर्व हमले के लिए जिम्मेदार खुफिया विफलताओं की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया निदेशालय के मेजर जनरल अहरोन हलीवा इजराइल के इतिहास के सबसे घातक हमले में अपनी भूमिका को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ व्यक्ति हैं। हमास के हमले में 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे, जबकि गाजा में लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले ने गाजा में संगठन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया, जो अब अपने सातवें महीने में है। हलिवा ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि मैं इस दर्द को हमेशा अपने साथ रखूंगा। मेरे अधीन खुफिया निदेशालय उस कार्य पर खरा नहीं उतरा जो हमें सौंपा गया था। मैं तब से उस काले दिन को अपने साथ रखता हूँ। इससे पहले, इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है। वह हमास के हमले के बाद पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजरायली अधिकारी हैं। इजराइल की सैन्य खुफिया, साथ ही साथ अन्य सैन्य और सुरक्षा नेताओं से, व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि वे 7 अक्टूबर तक हुई भयावह विफलताओं और इसकी क्रूरता के पैमाने के जवाब में इस्तीफा दे देंगे। लेकिन इस्तीफों का समय स्पष्ट नहीं है क्योंकि इजराइल अभी भी गाजा में हमास से लड़ रहा है और उत्तर में लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह से लड़ रहा है। दोनों दुश्मनों के बीच हमले के बाद ईरान के साथ भी तनाव चरम पर है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि वह पद छोड़ेंगे. इजरायली प्रधान मंत्री ने कहा है कि वह अपनी भूमिका के बारे मेंकठिन सवालोंका जवाब वो लेकिन उन्होंने हमले को होने देने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की है।

## संसदीय चुनाव के लिए मतदान संपन्न, राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी ने बढ़त बनायी




राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस देश में संसदीय चुनाव संपन्न होने के बीच प्रचंड जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। उनकी पार्टी 59 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। मालदील के यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मुइज्जू की नीतियों पर प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है।माले । मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव संपन्न होने के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस प्रचंड जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। मुइज्जू की पार्टी 59 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। यह चुनाव देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है। समाचार पोर्टल ''अधाधु डॉट कॉम'' की खबर के अनुसार 20वीं पीपुल्स मजलिस (संसद) के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8रू00 बजे से शाम 5रू30 बजे तक हुआ। इसके अनुसार मतदान समाप्त होते ही निर्वाचन अधिकारियों ने देश भर में मतपेटियों को सील कर दिया। मतपत्रों की गिनती जारी है। निर्वाचन आयोग (ईसी) की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शाम 5रू00 बजे तक 2,07,693 लोगों ने मतदान किया, इसके अनुसार 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 1,04,826 पुरुष और 1,02,867 महिलाएं शामिल हैं। कुल 2,84,663 लोग मतदान के लिए पात्र थे। ''पीएसएमन्यूज डॉट एमवी'' की खबर के अनुसार, संसदीय चुनाव के लिए मालदीव और तीन अन्य देशों में कुल 602 मतपेटियां रखी गई थीं। कम से कम 34 रिसॉर्ट्स, जेल और अन्य औद्योगिक द्वीपों में भी मतदान केंद्र बनाये गये थे। खबर के अनुसार, मालदीव के बाहर जिन देशों में मतदान के लिए मतपेटियां रखी गई थीं, उनमें भारत में तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका में कोलंबो और मलेशिया में कुआलालंपुर शामिल हैं। कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाएंगे, जिनमें छह पार्टियों से 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान हैं। इन छह दलों में मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी), मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और 130 निर्दलीय शामिल हैं। समाचार पोर्टल ''सन डॉट एमवी'' की खबर के अनुसार पीएनसी ने 90 उम्मीदवार, एमडीपी ने 89, डेमोक्रेट्स ने 39, जम्हूरी पार्टी (जेपी) ने 10, मालदीव्स डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) और अधालथ पार्टी (एपी) ने चार–चार तथा मालदीव्स नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। चीन समर्थक नेता के रूप में देखे जाने वाले मुइज्जू के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि चुनाव से कुछ ही दिन पहले, विपक्षी दलों ने 2018 से उनके कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद राष्ट्रपति के खिलाफ जांच और महाभियोग चलाये जाने की मांग की। हालांकि मुइज्जू ने इस आरोप को खारिज कर दिया। इसके अलावा, जब से मुइज्जू ने पद संभाला है, सांसदों ने उनके तीन नामितों को कैबिनेट में शामिल करने पर रोक लगा दी है। मुइज्जू ने सुबह 8रू40 बजे थाजुद्दीन स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने प्रत्येक नागरिक से यथाशीघ्र मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान कोई बड़ा मुद्दा या शिकायत सामने नहीं आई। मालदीव हिंद महासागर में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया।

## नार्थ कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र में दागी एक बैलिस्टिक मिसाइल –नार्थ कोरिया



दक्षिण कोरिया ने जानकारी दी है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ मिसाइल की दूरी बताने से मना कर दिया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ जारी गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य क्षमताओं के विस्तार को तेज कर दिया है।सियोल । उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल दागने की यह न उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ जारी गतिरोध के बीच अपनी सैन्य क्षमताओं में विस्तार करते हुए हाल के महीनों में हथियारों के परक्षीण की अपनी गति को और तेज कर दिया है। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को पश्चिमी तटीय इलाके में नयी विमान रोधी मिसाइल और शनिवार को बहुत बड़ी क्रूज मिसाइल का परीक्षण करने की घोषणा की थी। दक्षिण कोरियाई सेना ने सोमवार को कहा कि उसे इस बात के सबूत मिले हैं कि उत्तर कोरिया अपने दूसरे जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण की तैयारी में जुटा है, लेकिन ऐसे कोई संकेत नहीं हैं कि प्रक्षेपण होने वाला है।

## पाकिस्तान में नेशनल और प्रांतीय असेंबली के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ पीएमएल–एन को बढ़त



सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) ने नेशनल असेंबली की कम से कम दो सीट और प्रांतीय असेंबली की 10 सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल की है। नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की 21 सीट कड़ी सुरक्षा के बीच उपचुनाव संपन्न हुआ है। मतदान के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत में मोबाइल तथा इंटरनेट सेवा निलंबित रही।इस्लामाबाद । पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) ने नेशनल असेंबली की कम से कम दो सीट और प्रांतीय असेंबली की 10 सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल की है। सोमवार को अनौपचारिक नतीजों से यह जानकारी मिली। पाकिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की 21 सीट पर उपचुनाव के तहत रविवार को मतदान हुआ। इस दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के चुनिंदा जिलों में मोबाइल तथा इंटरनेट सेवा निलंबित रही। पीएमएल–एन, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने उपचुनावों में भाग लिया। मौलाना फजलुर रहमान की जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम फज्ह्ल ने उपचुनावों का बहिष्कार किया। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की घोषणा नहीं की है लेकिन निजी मीडिया चौनल ने प्रत्येक मतदान केंद्र के नतीजों के आधार पर नतीजे साझा किए हैं। 'दुनिया न्यूज' चौनल के अनुसार, पीएमएल–एन ने नेशनल असेंबली की दो सीट जबकि पीपीपी, एसआईसी ने एक–एक सीट और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। प्रारंभिक नतीजों से पता चलता है कि पीएमएल–एन ने प्रांतीय असेंबली की 16 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की है जिनमें पंजाब से नौ और बलूचिस्तान में एक सीट शामिल है। पीपीपी, एसआईसी, इस्तेकाम पाकिस्तान पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग, बलूचिस्तान नेशनल पार्टी ने एक–एक सीट तथा एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती है। पुलिस के अनुसार, मतदान के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए किए गए व्यापक सुरक्षा उपायों के बावजूद हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गयीं तथा पंजाब प्रांत में मतदान के दौरान झड़पों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। इससे पहले नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली के लिए पाकिस्तान में आठ फरवरी को चुनाव हुआ था। हालांकि, नेशनल असेंबली की एक सीट और पंजाब असेंबली की दो तथा खैबर–पख्तूनख्वा असेंबली की एक सीट के लिए मतदान रद्द कर दिया गया था। इनके अलावा, एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक सीट को ही चुना, जिसके कारण पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को 21 सीट पर उपचुनाव कराना पड़ा। इनमें नेशनल असेंबली की पांच और प्रांतीय असेंबली की 16 सीट शामिल हैं।

## इजराइल सैन्य गुप्तचर प्रमुख ने सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दिया



अहरोन हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने हमास के सात अक्टूबर के हमले में इजराइल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। अहरोन हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने हमास के सात अक्टूबर के हमले में इजराइल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी।

## चीन समर्थक मुइज्जू की जीत, अब संसद की 85: सीटों पर भी कब्जा हो गया, क्या भारत को लगा झटका ?



सदन में दो तिहाई बहुमत से भी ज्यादा है। यह परिणाम भारत विरोधी माने जाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू को संसद के माध्यम से नीतियों को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा। सीटों की संख्या नई दिल्ली के लिए चिंता का कारण है, जो पिछले साल राष्ट्रपति मुइज्जू के शीर्ष पद के लिए चुने जाने के बाद से माले का बीजिंग की ओर झुकाव देख रही है। इंडिया आउट का नारा देकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जू अब जीत के और करीब पहुंच चुके हैं। संसद में वो दो तिहाई बहुमत के बहुत करीब जा चुके हैं। यानी ये भारत के लिए बड़ा झटका है। मालदीव के संसदीय चुनाव में चीन समर्थक मुइज्जू की पार्टी ने प्रचंड जीत हासिल की है। मालदीव की संसद मजलिस की 93 सीटों में से 90 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली पीएनसी ने 86 सीटों में से 66 सीटों पर जीत हासिल की है, जिनके परिणाम घोषित किए गए थे। यह सदन में दो तिहाई बहुमत से भी ज्यादा है। यह परिणाम भारत विरोधी माने जाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू को संसद के माध्यम से नीतियों को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा। सीटों की संख्या नई दिल्ली के लिए चिंता का कारण है, जो पिछले साल राष्ट्रपति मुइज्जू के शीर्ष पद के लिए चुने जाने के बाद से माले का बीजिंग की ओर झुकाव देख रही है।मजलिस मालदीव की कार्यकारिणी पर पर्यवेक्षी शक्तियों का प्रयोग करती है और राष्ट्रपति के निर्णयों को रोक सकती है। इस चुनाव से पहले, पीएनसी उस गठबंधन का हिस्सा थी जो सदन में अल्पमत में था। इसका मतलब यह था कि भले ही मुइज्जू राष्ट्रपति थे, लेकिन उनके पास नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक ताकत नहीं थी। तब मजलिस पर 41 सदस्यों के साथ मुइज्जू के भारत समर्थक पूर्ववर्ती इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व वाली मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) का वर्चस्व था। समाचार एजेंसी एएफपी ने बताया है कि एमडीपी इस बार अपमानजनक हार की ओर बढ़ रही है, केवल एक दर्जन सीटों पर जीत के साथ। इससे पहले, जबकि एमडीपी–प्रभुत्व वाले सदन ने मुइज्जू की कई योजनाओं को अवरुद्ध कर दिया था, विपक्ष के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से उनकी भारत विरोधी स्थिति को चिह्नित किया और आलोचना की। माले का बीजिंग की ओर बढ़ता झुकाव पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव में चुने जाने के बाद से, मुइजू ने बीजिंग तक द्वीप की पहुंच बढ़ा दी है, एक ऐसा घटनाक्रम जिसे नई दिल्ली चिंता के साथ देख रही है। अपने चुनाव के तुरंत बाद, मुइजू ने बीजिंग का दौरा किया और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। अपनी वापसी पर, उन्होंने कहा, ष्हम छोटे हो सकते हैं, लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता है। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन इस टिप्पणी को भारत पर कटाक्ष के तौर पर देखा गया।

## रईसी क्यों जा रहे पाकिस्तान, एक मात्र परमाणु संपन्न मुस्लिम देश से कोई डील है मकसद ?



रईसी के पाक दौरे को लेकर कई तरह का अंदेशा है। कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि पाकिस्तान एकलौता ऐसा मुस्लिम देश है जिसके पास परमाणु बम हैं। इसलिए भविष्य में इजरायल से लड़ने के लिए ईरान उसका साथ चाहता है। हो सकता है कि परमाणु बम से जुड़ी किसी डील के लिए रईसी पाकिस्तान जा रहे हो। पाकिस्तान में नई सरकार बनने के बाद पहली बार कोई बड़ा नेता उनके देश के दौरे पर जा रहा है। इजरायल के साथ जंग के खतरे के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान के आधिकारिक दौरे पर जा रहे हैं। रईसी जंग के बीच पाकिस्तान के दौरे पर प्रध ाानमंत्री और राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। उनके साथ वो कैबिनेट मंत्रियों से भी मिलेंगे। इन मुलाकातों के बीच ईरान और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रिश्तों, व्यापार, ऊर्जा, खेती समेत दूसरे सेक्टर्स को मजबूत करने के लिए दोनों देश बातचीत करेंगे। ईरान और पाकिस्तान के बीच दिख रही दोस्ती तीन महीने पहले तक किसी और ही मोड़ पर नजर आ रही थी। जनवरी के महीने में दोनों देशों की ओर से की गई मिसाइल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। अब धीरे–धीरे संबंधों को सुधारा जा रहा है। रईसी के पाक दौरे को लेकर कई तरह का अंदेशा है। कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि पाकिस्तान एकलौता ऐसा मुस्लिम देश है जिसके पास परमाणु बम हैं। इसलिए भविष्य में इजरायल से लड़ने के लिए ईरान उसका साथ चाहता है। हो सकता है कि परमाणु बम से जुड़ी किसी डील के लिए रईसी पाकिस्तान जा रहे हो। ईरान–पाकिस्तान संबंधों पर एक नजर1947 में पाकिस्तान के गठन के बाद से ईरान और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय संबंध बनाए रखा है। वास्तव में, विभाजन के बाद, ईरान इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश था। 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति की जीत के बाद इस्लामाबाद ने एहसान वापस कर दिया। पाकिस्तानी सरकार इस्लामी गणतंत्र ईरान को एक देश के रूप में मान्यता देने वाली पहली राज्य थी। 900 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले देशों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण रहे हैं, बीच–बीच में तनाव और सीमा पर झड़पें भी होती रहती हैं। धार्मिक मतभेद, तालिबान पर विरोधी रुख, बलूच विद्रोह और सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास झड़पें, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पाकिस्तान की निकटता, साथ ही कुछ व्यापार मुद्दों ने तेहरान और इस्लामाबाद के बीच चट्टानी संबंधों में योगदान दिया है।धार्मिक सौहार्द और मतभेद ईरान और पाकिस्तान दोनों इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य हैं, और अपनी सामान्य ध ाार्मिक पहचान से एकजुट हैं। ओआईसी में संरेखण ने फिलिस्तीन, इराक और कश्मीर की स्थिति जैसे इस्लामी दुनिया के महत्वपूर्ण मुद्दों पर इस्लामाबाद–तेहरान सहयोग को बढ़ावा दिया है। हालाँकि, सुन्नी–शिया विभाजन ने मतभेद पैदा कर दिया है।

# अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। गत चौम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई




को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे।तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।लखनऊ सुपर जाइंट्सरू केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्सरू महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद,

मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# विराट कोहली के आउट पर क्यों मचा है हंगामा, जानें नो बाल को लेकर क्या है आइसीसी का नियम

21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में आरसीबी की ये लगातार छठी हार रही। वहीं इस मुकाबले में विराट कोहली को काफी विवादस्पद तरीके से आउट दिया गया। तीसरे ओवर में हर्षित राणा ने पहली गेंद हाई फुलटॉस फेंकी जिसपर कोहली ने बल्ला चलाया। शॉट की टाइमिंग बिल्कुल सही नहीं थी और गेंद हर्षित के हाथों में चली गई। आईपीएल के 17वें सीजन में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु का खराब प्रदर्शन जारी है। रविवार यानी 21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में आरसीबी की ये लगातार छठी हार रही और वह अंकतालिका में आखिरी पायदान पर बरकरार है। इस मुकाबले में विराट कोहली को काफी विवादस्पद तरीके से आउट दिया गया। तीसरे ओवर में हर्षित राणा ने पहली गेंद हाई फुलटॉस फेंकी जिसपर कोहली ने बल्ला चलाया। शॉट की टाइमिंग बिल्कुल सही नहीं थी और गेंद हर्षित के हाथों में चली गई। कोहली का मानना था कि गेंद कमर के ऊपर आई, ऐसे में उन्होंने क्ै लिया। तीसरे अंपायर ने हॉक–आई की मदद से पाया कि कोहली भले ही क्रीज से आगे थे, लेकिन गेंद डीप हो रही थी जिसके बाद उन्हें आउट दिया गया। कोहली पवेलियन लौटते समय अंपायर से भी भिड़ गए। देखा जाए तो तीसरे अंपायर ने विराट कोहली को लेकर जो फैसला दिया वो नियमानुसार सही था। मेरीलबोन क्रिकेट क्लब के नियम 41.7.1 के अनुसार, कोई भी डाली गई बॉल, जो बगैर जमीन के टप्पा खाए क्रीज में सीधे खड़े बल्लेबाज की कमर की ऊंचाई से निकलती है, तो इसे अवैध करार दिया जाता है। ऐसे में अंपायर इसे नो–बॉल करार देता है। लेकिन कोहली के आउट होने के मामले में वह अपनी क्रीज के बाहर खड़े थे और पॉपिंग क्रीज पर पहुंचने समय गेंद कमर के नीचे डीप होती। तीसरे अंपायर ने निर्णय लेने के लिए हॉक–आई





तकनीक का इस्तेमाल किया था। जिस समय कोहली गेंद के इम्पैक्ट में आए उस समय वह क्रीज के बाहर खड़े थे। अगर कोहली पॉपिंग क्रीज में सामान्य स्थिति में खड़े होते तो उनकी कमर की ऊंचाई 1.04 मीटर होती। हालांकि, जब उन्होंने इसे अपनी क्रीज के बाहर खेला, तब गेंद उनकी कमर के ऊपर थी। वहीं गेंद यदि पॉपिंग क्रीज पर पहुंचती तो उसकी हाइट गिरकर 0.92 मीटर तक होती। यानी अगर कोहली क्रीज के अंदर होते तो गेंद उनकी कमर की ऊंचाई से नीचे होती।उधर टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स नवजोत सिंह सिद्धू और वसीम जाफर ने नियमों में बदलाव की वकालत की। सिद्धू ने कहा कि, न्याय का मतलब है दूध का दूध और पानी का पानी। मैं विराट के साथ–साथ आरसीबी दोनों के लिए आहत हूं। जब आपने हाइट का फंडा लाकर एक नियम बनाया। तो क्या आपने ये देखा कि वो अपने पंजों पर 6 इंच ऊपर हैं। या उनका कद नापते हुए आपने इन्हें सात इंच की छूट दी। ये पहली बात है।

# वापसी पर खिलाड़ियों से मिल रहे समर्थन से सहज महसूस कर रहे हैं

संन्यास के बाद वापसी कर रहे पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। आमिर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए सीनियर खिलाड़ी उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

रावलपिंडी । तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं। आमिर ने 2020 के अंत में सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से




संन्यास ले लिया था। वह पूर्व कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस के रवैये से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने मौजूदा बोर्ड के अधिकारियों और प्रबंधन के जोर देने पर राष्ट्रीय टीम में फिर से वापसी की है। शनिवार की रात न्यूजीलैंड पर जीत के दौरान आमिर ने दो विकेट चटकाये। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने संन्यास लिया था, उसकी तुलना में वह अब ज्यादा फिट और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंनएएएए सकते। निश्चित रूप से दबाव था क्योंकि मैं चार साल के बाद वापसी कर रहा था। लेकिन श्रेय खिलाड़ियों, शाहीन और बाबर को जाता है जिन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

# साई किशोर की शानदार गेंदबाजी, गुजरात टाइटंस की पंजाब किंग्स पर आसान जीत

साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिये जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। लियाम लिविंगस्टोन ने बीच के ओवरों में दो विकेट चटकाकर पंजाब को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन दूसरे स्पिनर हरप्रीत बरार से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बरार ने चार ओवरों में 35 रन दे डाले। मुल्लांपुर। आर साई किशोर की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स पर तीन विकेट से आसान जीत दर्ज की। साई किशोर , राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिये जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। लियाम लिविंगस्टोन ने बीच के ओवरों में दो विकेट चटकाकर पंजाब को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन दूसरे स्पिनर हरप्रीत बरार से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बरार ने चार ओवरों में 35 रन दे डाले। गुजरात को आखिरी पांच ओवरों में 42 रन की जरूरत थी और



राहुल तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19 . 1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात की यह आठ मैचों में चौथी जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में छठी हार रही। शुभमन गिल (29 गेंद में 35 रन) को लिविंगस्टोन ने पवेलियन भेजा। साइ सुदर्शन (33 गेंद में 31 रन) के लिये भी स्ट्रोक्स खेलना मुश्किल हो रहा था जबकि डेविड मिलर को लिविंगस्टोन ने दूसरा शिकार बनाया। पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया लेकिन तेवतिया ने अपने अंदाज में खेलते हुए उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाये। पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंद में 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। मोहित शर्मा को थर्डमैन पर छक्का लगाने के बाद प्रभसिमरन विकेट के पीछे कैच दे बैठे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बायें हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 19 गेंद में 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। डीआरएस पर उन्हें पगबाधा आउट दिया गया जिस पर वह हैरान थे। इंग्लैंड के ही उनके साथी बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन नौ गेंद में छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाये। इस सत्र में पंजाब के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

## बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना ही मूलमंत्र –साई किशोर

साई किशोर ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट लिये। प्लेयर आफ द मैच साई किशोर ने कहा ,'' मैं टीम के लिये 120 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहा था। बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना चाहता था, नतीजा चाहे जो हो।''पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लेकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार बने स्पिनर आर साई किशोर ने कहा कि वह बस निर्भीक होकर टीम के लिये खेल रहे थे। पंजाब को 142 रन पर आउट करने के बाद गुजरात टाइटंस ने पांच गेंद बाकी रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। साई किशोर ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट लिये। प्लेयर आफ द मैच साई किशोर ने कहा ,'' मैं टीम के लिये 120 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहा था। बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना चाहता था, नतीजा चाहे जो हो।''उन्होंने कहा ,'' इस विकेट पर रफ्तार में बदलाव अहम था। राशिदऔर नूर अहमद ने भी उम्दा गेंदबाजी की।'' वहीं गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने कहा ,'' हमें जल्दी मैच खत्म करना चाहिये था लेकिन दो अंक लेने की खुशी है।''

# ऑफिस में हर वक्त रहता है तनाव, तो इस तरह प्लान करें वर्कप्लेस मैनेजमेंट, 4 आसान तरीके आएंगे काम

ऑफिस में काम करना या अपने काम को मैनेज करना एक टफ टास्क होता है, जिससे अमूमन कामकाजी लोगों को स्ट्रेस हो जाता है. लेकिन यकीन मानिए कि अगर आप ये 4 तरीके आजमाएंगे तो आपको कभी भी स्ट्रेस नहीं होगा.

ऑफिस में काम करना या अपने काम को मैनेज करना एक टफ टास्क होता है, जिससे अमूमन कामकाजी लोगों को स्ट्रेस हो जाता है. लेकिन यकीन मानिए कि अगर आप ये 4 तरीके आजमाएंगे तो आपको कभी भी स्ट्रेस नहीं होगा.

अक्सर जो लोग वर्किंग होते हैं वह डिप्रेशन, तनाव या एंजाइटी जैसी कई मेंटल प्रॉब्लम से जूझते हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण यह होता है कि वह अपने काम को प्रभावी ढंग से मैनेज नहीं कर पाते है और इसके चलते समय पर काम पूरा नहीं हो पाता है. इसी कारण काम का प्रेशर इतना ज्यादा होता है कि ये आगे जाकर डिप्रेशन का रूप ले लेता है और इससे आपकी मेंटल और फिजिकली दोनों हेल्थ प्रभावित होती है. ऐसे में आज हम आपको बताते हैं कि कैसे आप अपने ऑफिस के तनाव को इन चार तरीके से आसानी से कम कर सकते हैं.जब भी आप घर से ऑफिस जाते हैं, तो अपने काम का रिव्यू खुद करें. 10 मिनट खुद के लिए निकाले और खुद के प्रश्नों का उत्तर दें कि क्या आप अच्छा काम कर रहे हैं? आपकी रणनीति क्या है?आगे आप कैसे काम को बढ़ाएंगे? इस तरह के सवाल खुद से करें और उनके जवाब खोजें. इससे आप अपने काम को ऑटोमेटिक मैनेज कर पाएंगे और खुद अपना आंकलन कर सकेंगे.आप जो काम कर रहे हैं वह हमेशा फ्यूचर ओरिएंटेड रहना चाहिए. आपको इसकी प्लानिंग करना जरूरी है कि आने वाले समय में आप किस तरीके का काम करेंगे और कैसे अपनी रणनीति बनाएंगे.अगर आप अपने दिमाग में ही अपने फ्यूचर प्लान को बना लेंगे, तो छोटे–मोटे काम से निपटने के लिए आपको समस्याओं का सामना नहीं करना



पड़ेगा, क्योंकि आपका विजन ब्रॉड है और आपका गोल फ्यूचर ओरिएंटेड है, इससे आपको ऑफिस का तनाव भी कम होगा. जी हां, अव्यवस्था और नेगेटिविटी आपके काम को प्रभावित कर सकती है, इसलिए आप अपने वर्कप्लेस को हमेशा ऑर्गेनाइज्ड रखें और वहां पर पॉजिटिव एटमॉस्फेयर क्रिएट करें. इससे फोकस और प्रोडक्टिविटी में सुधार होता है और आप ऑफिस स्ट्रेस को काफी हद तक कम कर सकते हैं. सुबह कोई भी काम स्टार्ट करने से पहले सबसे पहले अपनी एक टू डू लिस्ट बनाएं, यानी कि जो काम आपको उस दिन करना है उसकी लिस्ट बनाइए, उनमें से जो काम सबसे ज्यादा प्रायोरिटी पर है, उन्हें सबसे पहल करें. उसके बाद धीरे–धीरे करके अपने बाकी कामों को भी निपटाएं, इस तरीके से आप रूटीन वर्क का प्लान बनाकर अपने ऑफिस स्ट्रेस को कम कर सकते है और अपने काम को मैनेज कर सकते हैं.

# दांत दर्द और मुंह की बदबू से हैं परेशान तो हो सकती है शरीर में इन विटामिंस की कमी

दांतों में अक्सर पायरिया होने की वजह तेज दर्द और मुंह की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है, लेकिन अगर आप कुछ अहम विटामिंस युक्त भोजन करेंगे तो ऐसी परेशानियां पेश नहीं आएंगी.

दांत हमारी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है. अगर इसमें किसी तरह की गड़बड़ी हुई तो पूरी खूबसूरती बिगड़ जाएगी.

ओरल हेल्थ यानि मुंह की सफाई बेहद जरूरी होती है. अगर आप इसका ध्यान नहीं रखेंगे तो आप कई सारी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं.

ओरल हेल्थ आपकी पूरी तरह से पर्सनालिटी और कॉन्फिडेंस को कम करता है. कई बार मुंह की बदबू और दांत की गंदगी के कारण शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है.

दांतों को हेल्दी रखना है तो आपको ध्यान देना होगा कि कहीं आपके दांत में विटामिन बी12 की कमी तो नहीं. इस



विटामिन की कमी के कारण दांत की इम्युनिटी पर बुरा असर पड़ता है. जिसके कारण यह पायरिया का रूप ले लेती है.

खाने में डेयरी प्रोडक्ट्स, फैटी फिश को शामिल करने से विटामिन बी 12 की कमी को एक हद तक पूरी की जा सकती है. पायरिया की कमी विटामिन सी की कमी के कारण होती है. यह हमारी इम्युनिटी को बेहतर करती है. विटामिन सी हमें कई सारे बैक्टीरियल इंफेक्शन से भी बचाता है.विटामिन सी, डी और विटामिन बी 12 की कमी के कारण कई बार दांतों से जुड़ी दिक्कतें होती है. जिसका समय रहते इलाज करना बेहद जरूरी है.

